# कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, जमुई

## विकास मित्र के रिक्त पदों पर नियोजन के संबंध में सूचना :–

मिशन निदेशक, बिहार महादलित विकास मिशन, बिहार पटना के पत्रांक–838, दिनांक–20.04.2022 एवं जिला पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक–341/क0 (बि0म0मि0), दिनांक–16.09.2023 के आलोक में जमुई अनुमंडल अंतर्गत जमुई सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत–कुन्दरी सनकुरहा, जमुई, नगर परिषद् के वार्ड नंबर–25 एवं बरहट प्रखंड के ग्राम पंचायत कटौना में विकास मित्र के मृत्यु के उपरांत रिक्त पदों पर विकास मित्र के नियोजन हेतु संबंधित पंचायत/वार्ड के महादलित बहुलता प्राप्त मुसहर महिला जाति के अभ्यर्थियों से दिनांक–16.11.2023 से 30.11.2023 तक प्रखंड कार्यालय, जमुई/नगर परिषद् कार्यालय, जमुई एवं प्रखंड कार्यालय, बरहट में कार्यालय अवधि में आवेदन प्राप्त किया जाना है। आवेदन पत्र का विहित प्रपत्र संबंधित प्रखंड कार्यालय/नगर परिषद् कार्यालय तथा अनुमंडल कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

### रिक्तियों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्रम सं0 | प्रखंड/नगर परिषद् | पंचायत/वार्ड | रिक्त पद की संख्या | आरक्षण कोटि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जमुई | कुन्दरी सनकुरहा | 01 (एक) | मुसहर (महिला) |
| 2. | नगर परिषद, जमुई | वार्ड–25 | 01 (एक) | मुसहर (महिला) |
| 3. | बरहट | कटौना | 01 (एक) | मुसहर (महिला) |

इच्छुक उम्मीदवार दिनांक–16.11.20223 से दिनांक–30.11.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक अपना आवेदन संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी/संबंधित नगर परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है। यदि कोई आवेदक डाक के माध्यम से आवेदन उपलब्ध कराना चाहते है तो उनका आवेदन उक्त निर्धारित तिथि एवं समय तक अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। जिस पंचायत/वार्ड समूह (कलस्टर) (शहरी) से विकास मित्र का चयन किया जाना है, वहीं के महादलित बहुलता के निवासी से आवेदन पत्र प्राप्त किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी, जमुई एवं बरहट/कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, जमुई आवेदन पत्र पंजी संधारित कर प्राप्त होने वाले सभी आवेदन पत्रों पर क्रमांक, तिथि एवं समय अवश्य अंकित करेंगे।

### उपर्युक्त रिक्तियों के विरूद्ध विकास मित्र के नियोजन हेतु तिथिवार विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र0 | कार्य विवरण | अवधि |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| 1. | संबंधित प्रखंड/नगर परिषद् में आवेदन पत्र प्राप्त करना | 16.11.2023 से 30.11.2023 तक |
| 2. | औपबंधिक मेधा सूची तैयार करना एवं प्रकाशन करना | 04.12.2023 |
| 3. | औपबंधिक मेधा सूची पर दावा एवं आपत्ति प्राप्त करना | 05.12.2023 से 11.12.2023 तक |
| 4. | अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक | 15.12.2023 |
| 5. | औपबंधिक चयन सूची का प्रकाशन | 21.12.2023 |
| 6. | औपबंधिक चयन सूची पर दावा एवं आपत्ति प्राप्त करना | 02.01.2024 से 06.01.2024 तक |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निराकरण करके नियोजन सूची का प्रकाशन | 09.01.2024 |
| 8. | नियोजन पत्र वितरण/शपथ ग्रहण/उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन | 19.01.2024 |

विकास मित्र के लिए आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष होगा। मैट्रिक या समकक्ष में सर्वाधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले का चयन किया जायेगा। मैट्रिक या समकक्ष अभ्यर्थी नहीं मिलने पर नन–मैट्रिक, नौवीं पास, आठवी पास, सातवी पास, छठा पास एवं पांचवी पास का नियोजन क्रमशः किया जा सकेगा। महिलाओं के लिए शैक्षणिक योग्यता नहीं मिलने पर साक्षर रहने पर भी चयन किया जा सकेगा। आवेदक की उम्र दिनांक–01.01.2023 को न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 60 वर्ष होनी चाहिए।

अनुमंडल पदाधिकारी,
जमुई।